**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**13.05.2024/प्रादेशिक समाचार/रितेश कपूर/1945बजे**

**मुख्य समाचार''**

- प्रदेश में चार लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा उप–चुनाव के लिए आज 18 उम्मीदवारों ने भरे नामांकन–नामांकन दाखिल करने का कल अंतिम दिन।
- केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा–लोकसभा चुनाव में भाजपा की विजय का जनादेश होगा ऐतिहासिक।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश में भविष्य की राजनीति की दिशा तय करेंगे 6 उप–चुनाव।
- प्रदेश हाई कोर्ट ने राज्य में घटिया दवाईयों के उत्पादन की बढ़ती घटनाओं पर जताई चिंता

**नामांकन**

प्रदेश में चार संसदीय चुनाव और 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में पहली जून को होने वाले उप–चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने के पांचवें दिन आज 18 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने शिमला में कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से अनुराग सिंह ठाकुर ने भाजपा से अपना नामांकन पत्र भरा। वीरेन्द्र सिंह कंवर ने इस संसदीय क्षेत्र से भाजपा के कवरिंग प्रत्याशी के रुप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसी प्रकार जगदीप कुमार ने राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। संसदीय क्षेत्र शिमला से आज विनोद सुल्तानपुरी ने कांग्रेस प्रत्याशी जबकि सुरेश कुमार कश्यप ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। रीना कश्यप ने यहां से भाजपा के कवरिंग प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से रेखा रानी ने बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी के रुप में और विजय कुमार ने कवरिंग प्रत्याशी के रूप में, संजीव गुलेरियां ने ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लॉक पार्टी के प्रत्याशी और केहर सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपने–अपने नांमाकन पत्र दाखिल किए।

**नामांकन–2**

विधानसभा क्षेत्र सुजानपुर से रविन्द्र सिंह डोगरा ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। विधानसभा क्षेत्र गगरेट से राकेश कालिया ने कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में और रेनु कालिया ने कांग्रेस के कवरिंग उम्मीदवार के रूप में पर्चा दाखिल किया। इसी प्रकार मोहित बग्गा व अशोक सौंखला ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपने नामांकन पत्र दाखिल किया। विधानसभा क्षेत्र कुटलैहड़ से चंचल सिंह ने निर्दलीय और मनोहर लाल ने भाजपा के प्रत्याशियों के रूप में अपने नामांकन

दाखिल किए। विधानसभा क्षेत्र लाहौल–स्पिति से डॉक्टर राम लाल मारकण्डा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। मण्डी संसदीय व बड़सर और धर्मशाला विधानसभा क्षेत्रों से आज कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ।

**अनुराग ठाकुर**

केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री और हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा की विजय का जनादेश ऐतिहासिक होगा। अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हमीरपुर में नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद यहां मौजूद भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता का अटूट विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी पूंजी है। उन्होंने विश्वास जताया कि नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए हमीरपुर में फिर से कमल खिलेगा और मिशन 4 सौ पार में हिमाचल अपनी भूमिका सुनिश्चित करेगा। अनुराग सिंह ठाकुर ने दावा किया कि उन्हें चुनाव अभियान में युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों का भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर भी राजनीतिक हमला बोला और कहा कि सुक्खू सरकार 15 महीने में अपनी किसी भी चुनावी गारंटी को पूरा नहीं कर पाई है। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि अब फिर से कांग्रेस झूठी गारंटियां देने निकल पड़ी है लेकिन देश और प्रदेश की जनता को सिर्फ मोदी की गारंटी पर विश्वास है क्योंकि मोदी की गारंटी, गारंटी पूरा होने की गारंटी है। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल सहित बड़ी सख्या पार्टी नेता व कार्यकर्ता मौजूद

**विक्रमादित्य सिंह**

मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी व लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि इस संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत के पास कोई विजन नहीं है। रामपुर के जगातखाना में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कंगना रणौत से जब उनका विजन पूछा जाता है तो वह केंद्र सरकार का गुणगान आरंभ कर देती है। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि कंगना रणौत तथ्यहीन बातें कर जनता में हंसी का पात्र बन रही हैं।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विकास की लड़ाई लड़ रहे हैं जबकि कांग्रेस नेता देश को फिर से विभाजित करने पर तुले हुए हैं। भाजपा अध्यक्ष ने आज शिमला में कहा कि कांग्रेस ने देश में इंडी गठबंधन के रूप में ऐसी राजनीतिक पार्टियों से समझौता किया है जो देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में देश की आंतरिक सुरक्षा में भारी

परिवर्तन आया है और लोग अब अपने आप को ज्यादा सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में आतंकी घटनाओं पर विराम लगा है। भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया कि देश की जनता ने अब तय कर लिया है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

## कांग्रेस रैली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा  है कि कांग्रेस के 6 आयोग्य करार दिए गए विधायक धन–बल से बिक गए और उन्होनें पार्टी के खिलाफ बगावत की। मुख्यमंत्री ने आज शिमला के चौड़ा मैदान में पार्टी प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा चुनाव सरकार या मुख्यमंत्री पद बचाने का नहीं बल्कि जन भावनाओं की खरीद फरोख्त करने वालों को सबक सिखाने का है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं ने धन–बल के माध्यम से सरकार गिराने का षड़यंत्र रचा। उन्होंने कहा कि ये चुनाव प्रदेश की भविष्य की राजनीति तय करेगा। मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि भाजपा ने कांग्रेस की एक राज्यसभा सीट चुराई है लेकिन प्रदेश की जनता अब लोकसभा की चारों सीटें कांग्रेस को देने जा रही है। उन्होंने इस मौके पर भाजपा उम्मीदवार सुरेश कश्यप पर भी राजनीतिक हमला बोला और कहा कि उन्होंने संसद  में आपदा को लेकर एक भी सवाल नहीं पूछा। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी को जमीन से जुड़ा नेता करार दिया। रैली को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। पार्टी ने इस ौके पर रोड़ शो का भी आयोजन किया।

## हाईकोर्ट

प्रदेश हाई कोर्ट ने राज्य में घटिया दवाईयों के उत्पादन की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। अदालत ने इसे रोकने के लिए दोषी दवाई निर्माताओं और प्रयोगशालाओं के खिलाफ कड़ी सजा का प्रावधान करने पर विचार करने के सरकार को आदेश जारी किए हैं। अदालत ने आज इस मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि कुछ  ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें प्रदेश में बनाई गई दवाईयों के प्रयोग से अफ्रीकन देशों में अनेकों मौतें हुई। ऐसे में अब समय आ गया है कि नकली दवाई निर्माताओं के खिलाफ कड़ी सजा का प्रावधान किया जाए। हाई कोर्ट ने कहा कि ये व्यथित कर देने वाली बात है कि बद्दी में दो राज्य दवा प्रयोगशालों को चलाने के लिए पर्याप्त धन की व्यवस्था होने के बावजूद उन्हें संचालित नहीं किया जा रहा है। हाईकोर्ट कुछ समाचार पत्रों में इस संबंध में छपी खबरों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई कर रहा है। मामले पर अगली सुनवाई 28 अगस्त को होगी।

## सुभाष मंगलेट

चौपाल से कांग्रेस के पूर्व विधायक सुभाष मंगलेट आज भाजपा में शामिल हो गए। मंगलेट ने नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की मौजूदगी में भाजपा का दामन थामा। नड्डा ने उनके भाजपा में शामिल होने पर खुशी जताई। राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन भी इस दौरान मौजूद रहे।

**सम्मानित**

पदम श्री और चुनाव आईकॉन विजय शर्मा ने लोगों से एक जून को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है। आज चंबा में स्वीप के तहत आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विजय शर्मा ने कहा है कि कुछ लोग बिना किसी कारण के अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करते जो गलत है उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां सभी लोगों को अपना मनपसंद प्रत्याशी और सरकार चुनने का अधिकार है। इस मौके पर उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने विजय शर्मा को सम्मानित भी किया।

**विशेष लोक अदालत**

सुप्रीम कोर्ट में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। विधिक सेवा प्राधिकरण के एक प्रवक्ता के अनुसार इस विशेष लोक अदालत में हिमाचल से संबंधित लम्बित मामलों की सुनवाई और उनका निपटारा किया जाएगा। प्रवक्ता ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति का मुकद्दमा सुप्रीम कोर्ट में विचारधीन है और वह इसका निपटारा विशेष लोक अदालत में करवाना चाहता है तो वह अपने वकील के माध्यम से इसे विशेष लोक अदालत में लगवा सकता है। प्रवक्ता ने कहा कि लोग इस विशेष लोक अदालत से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने निजदीकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं।

**स्वीप**

लाहौल स्पीति के काजा में भी मतदाताओं को वोट डालने के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एडीसी राहुल जैन ने सभी विभागों के प्रमुखों और मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वीप कार्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य चुनाव के दौरान सभी पात्र मतदाताओं को मत देने और जागरूक निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करके देश में सही मायनों में सहभागी लोकतंत्र का निर्माण करना है।

**जागरूकता रैली**

लोकसभा चुनाव के लिए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो हमीरपुर द्वारा आज जिला के नादौन ब्लॉक की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैल में एक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली को संस्थान की उप प्रधानाचार्य मीना शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली स्कूल के प्रांगण से शुरू होकर रैल बाजार से होते हुए स्कूल के प्रांगण में खत्म हुई। रैली में बच्चों द्वारा वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है बूढ़े हो या जवान सभी करें मतदान जैसे नारे लगाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।